मंगलवार
नालन्दा, 11.02.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

पेज-01 वर्ष:1, अंक:17
www.apnanalanda.com

# राजगीर में दो दिवसीय कुर्मी समागमः समाज की एकजुटता और राजनीतिक भागीदारी पर जोर

**—— देश में हैं कुर्मी जाति के 101 एमपी, 15 राज्यसभा सदस्य और छह मुख्यमंत्री**




## देश में सबसे बड़ी आबादी वाली जाति कुर्मी : डॉ. विजय

अपना नालंदा संवाददाता

राजगीर। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित दो दिवसीय कुर्मी समागम सह चेतना शिविर में देशभर से आए प्रतिनिधियों ने कुर्मी समाज की एकता, सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी पर चर्चा की। शिविर का शुभारंभ पटेल चौक पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. विजय कुमार निरंजन ने कहा कि देश में कुर्मी जाति की 1488 उपजातियां हैं, जिन्हें एक मंच पर लाने से समाज को उसकी पुरानी गरिमा वापस मिलेगी। उन्होंने दहेज प्रथा, मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों को समाप्त करने और सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने पर जोर दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनुभाई पटेल ने कहा कि कुर्मी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है, लेकिन आबादी के अनुपात में राजनीतिक भागीदारी नहीं मिल रही है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और उपजातियों को जोड़ने की आवश्यकता बताई। महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आर.एन. राय ने कहा कि देश में कुर्मी समाज के 101 सांसद, 15 राज्यसभा सदस्य और छह मुख्यमंत्री हैं, लेकिन अब भी समाज को संगठित होकर अपनी पहचान को मजबूत बनाना होगा। महिला अध्यक्ष लता ऋषि चंद्राकर ने कहा कि संगठन, शक्ति, एकता, विश्वास और चरित्रकृये पांच सूत्र कुर्मी समाज की मजबूती के आधार हैं। महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सी.एल. गंगवार ने बताया कि अब तक आठ राज्यों में 1600 सामूहिक विवाह बिना दहेज के संपन्न कराए जा चुके हैं। रीवा के रामानुज पटेल ने कहा कि नालंदा, वाराणसी, सारनाथ, वैशाली और कुशीनगर कुर्मी बहुल क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि अलग–अलग भाषाओं को सीखकर और आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से समाज को ग्लोबल पहचान देनी होगी। कार्यक्रम के आयोजक अनिल कुमार ने कहा कि कुर्मी समाज की जनसंख्या देश में 25: है, लेकिन इसे संगठित करने की आवश्यकता है। शिविर की अध्यक्षता अवधेन्द्र कुमार सिन्हा ने की। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे और समाज को संगठित करने के संकल्प को दोहराया।

# बड़ी पहाड़ी जाने वाला मार्ग 15 फरवरी तक रहेगा बंद,

**■ डायवर्ट रूट का करना होगा उपयोग ■**



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। आनंद पथ के निर्माण कार्य के कारण बड़ी पहाड़ी जाने वाले मार्ग को 15 फरवरी तक पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इस दौरान वाहनों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक (डायवर्ट) रूट का उपयोग करना होगा। नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि आनंद पथ के निर्माण कार्य के दौरान बैरिकेडिंग की आवश्यकता थी, लेकिन चूंकि यहां से नाला गुजरता है, इसलिए सड़क पर यातायात जारी रखते हुए कार्य कराना संभव नहीं था। इस कारण अस्पताल चौक से बड़ी पहाड़ी जाने वाले मार्ग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है और यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी गई है। नगर आयुक्त ने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इस मार्ग से यातायात और अधिक सुगम हो जाएगा। बिना सूचना के सड़क बंद होने से यात्रियों को परेशानी रविवार सुबह इस मार्ग को सड़क का मलबा डालकर बंद कर दिया गया, जिससे लोगों को बिना किसी पूर्व सूचना के भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वर्तमान समय में परीक्षाओं का माहौल है, और बड़ी संख्या में गांवों से शहर में परीक्षा देने आने वाले छात्रों को इस मार्ग से गुजरना पड़ता है। अचानक सड़क बंद होने के कारण छात्रों और आम नागरिकों को काफी असुविधा हुई। नगर आयुक्त ने किया निर्माणाधीन जंक्शन इंप्रूवमेंट का निरीक्षण सोमवार को नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने अस्पताल मोड़ पर निर्माणाधीन जंक्शन इंप्रूवमेंट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद शहर के लोगों को ट्रैफिक जाम से काफी राहत मिलेगी। नगर निगम ने आम नागरिकों से 15 फरवरी तक धैर्य रखने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है, ताकि निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के पूरा किया जा सके और जल्द से जल्द इस मार्ग को फिर से सुचारू रूप से खोल दिया जाए।

# 20 फरवरी को नालंदा आएंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,प्रगति यात्रा को लेकर तैयारियां तेज

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के तहत 20 फरवरी को नालंदा जिले में आएंगे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा गांव से लेकर शहर तक जोर–शोर से तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान वे सिलाव प्रखंड के नानंद गांव में विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और 300 से अधिक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।

**मुख्य कार्यक्रम नानंद गांव में होगा**

मुख्यमंत्री सबसे पहले सिलाव के नानंद गांव पहुंचेंगे, जहां मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिले में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं का एक साथ उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा। नानंद गांव में चल रहे विकास कार्यों में शामिल हैं: ग्रामीण आवास क्लस्टर का निर्माण खेल मैदान का विकास तालाबों का सौंदर्यीकरण गांव की गलियों को पक्की सड़क से जोड़ना सीएम के दौरे को लेकर तैयारियों में तेजी मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने विकास कार्यों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेज कर दी है। गांवों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक साफ–सफाई, सड़क निर्माण और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों में पुलिस बल की तैनाती के साथ–साथ यातायात प्रबंधन को दुरुस्त किया जा रहा है ताकि मुख्यमंत्री की यात्रा सुचारू रूप से संपन्न हो सके। नालंदा के विकास कार्यों की करेंगे समीक्षा मुख्यमंत्री



नीतीश कुमार इस दौरे के दौरान जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देंगे कि विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जाए। प्रगति यात्रा के तहत मुख्यमंत्री का यह दौरा जिले के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे नालंदा में चल रही विकास योजनाओं को और गति मिलने की उम्मीद है।

# गंगा जल के साथ निकली कलश शोभा यात्रा, अखंड कीर्तन से गूंजा गांव

अपना नालंदा संवाददाता

नूरसराय। अंधना पंचायत के अंधना बेलदारी गांव में एक भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें 151 महिलाओं ने भाग लिया। श्रद्धालु महिलाओं ने कलश यात्रा में गंगा जल भरा और गाँव से नूरसराय बाजार तक भक्ति भाव से यात्रा संपन्न की। इस दौरान डीजे की धुन पर भक्तिमय नृत्य और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इससे पहले, श्रद्धालुओं ने फतुहा से पवित्र गंगा जल लाकर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा। यात्रा में कुँवारी कन्याओं और महिलाओं ने विशेष रूप से भाग लिया। कलश यात्रा के उपरांत 24 घंटे के अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल बन गया। ग्रामीण भूषण जमादार, दिलीप जमादार



और सुरेश राम ने बताया कि हर वर्ष ग्रामीणों के सहयोग से यह आयोजन संपन्न होता है। पंडित सुनील पांडेय ने बताया कि कलश यात्रा से गाँव में सुख–समृद्धि, धन, संतान सुख और भाईचारा बढ़ता है। ग्रामीणों ने अपने घरों को सजाया और पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन को सफल बनाया।

# दिल्ली चुनाव में जदयू-लोजपा को नकारा, तेजस्वी यादव पर बढ़ा भरोसाः राजद



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। राष्ट्रीय जनता दल के जिला प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में बिहार के मतदाताओं ने जदयू और लोजपा को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने दावा किया कि न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश के युवा, छात्र, किसान और मजदूर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। दीपक कुमार सिंह ने कहा कि जनता को तेजस्वी यादव की गारंटी पर पूरा भरोसा है। आम लोगों के बीच चर्चा है कि ष्जो तेजस्वी यादव बोलते हैं, वह करके दिखाते हैं।' उन्होंने याद दिलाया कि पिछले चुनाव में तेजस्वी यादव ने षसिंचाई, कमाई, दवाई, सुनवाई और करवाईष् पर जोर दिया था और अपने उपमुख्यमंत्री कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे, जिनमें शामिल हैं: 5 लाख सरकारी नौकरियां देना जातीय जनगणना कराना, आरक्षण का दायरा बढ़ाना, आंगनबाड़ी सेविका–सहायिकाओं के वेतन में वृद्धि, नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देना, तालिमी मरकज शिक्षकों के वेतन में वृद्धि। राजद प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव ने अपनी कार्यशैली से देश और दुनिया के सामने विकास की एक लंबी लकीर खींची है। उन्होंने दावा किया कि तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनते ही बिहार में 'माई बहन योजना' के तहत रु 2500 प्रतिमाह सहायता, हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, और दिव्यांग एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को रु 1500 प्रतिमाह पेंशन जैसी योजनाएं लागू करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी चुनाव में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार में सरकार बनना तय है और जनता का समर्थन राजद के पक्ष में स्पष्ट रूप से दिख रहा है।

# थरथरी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भूमि सर्वेक्षण पर जागरूकता अभियान



अपना नालंदा संवाददाता

थरथरी। स्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनता को बिहार में चल रहे भूमि सर्वेक्षण के लाभ की जानकारी दी गई। इस अभियान के तहत कलाकारों ने ग्रामीण इलाकों में जाकर सर्वेक्षण की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया और लोगों को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के कलाकार विनोद सिंह ने बताया कि षजिसकी जमीन, उसके नामष् की अवधारणा को लोगों तक पहुंचाने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जन–जागरण के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटकों की एक अनूठी श्रृंखला शुरू की है, जिससे लोग भूमि सर्वेक्षण की प्रक्रिया को आसानी से समझ सकें। इस अवसर पर रितुराज गौतम, गणेश कुमार, संजीत कुमार, अमरेश कुमार, रवि कुमार, हरि यादव, राकेश कुमार, गीता कुमारी और काजल कुमारी समेत कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे उपयोगी बताया।

# ब्रिलिएंट ग्रुप में आयोजित विदाई समारोह में झलकी भावनात्मक यादें और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के सुंदरगढ़ स्थित ब्रिलिएंट ग्रुप के विशाल सभागार में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को रोचक बना दिया। समारोह में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अपने खट्टी–मीठी यादों को साझा किया और अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने मंच पर आकर बताया कि वे आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, बिजनेसमैन, चार्टर्ड अकाउंटेंट और प्रोफेसर बनने का सपना संजोए हुए हैं। ब्रिलिएंट ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. धनंजय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विदाई समारोह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण संगम होता है, जहां विद्यार्थी अपने आगामी भविष्य के लिए प्रेरणा प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन अत्यंत मूल्यवान है और इसे व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। माता–पिता और शिक्षकों का आशीर्वाद लेकर वे अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हों। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. शशि भूषण कुमार ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए सकारात्मकता ही सबसे महत्वपूर्ण साथी होती है, और यह समाज, परिवार और पर्यावरण के प्रति दायित्व निभाने की प्रेरणा भी देती है। इस अवसर पर नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, नाटक, संगीत और हास्य प्रस्तुतियां शामिल थीं। इन प्रस्तुतियों ने समारोह में मौजूद सभी लोगों का मन मोह लिया। समारोह के दौरान डायरेक्टर, चेयरमैन और प्राचार्य के हाथों दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विद्यालय प्रशासन की ओर से फाइल और पेन उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन राकेश सर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जबकि विद्यालय के वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक मिथिलेश सर ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। समारोह में विद्यालय के शिक्षक रंजय सिंह, किशोर कुमार पांडे, एस.के. पांडे, अमित कुमार, राज किशोर सिंह, एस.के. गांगुली, नाजिया खान, अर्पणा मैडम, दुरक्षा मैडम और हिना मैडम उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा की रणनीतिक बैठक आयोजित



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। भारतीय जनता पार्टी, नालंदा जिला अध्यक्ष ई. रविशंकर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 16 फरवरी को बिहारशरीफ के सोगरा हाई स्कूल के प्रांगण में होने वाले एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहारशरीफ विधानसभा विधायक डॉ. सुनील कुमार शामिल हुए। उन्होंने सम्मेलन में अधिकतम कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस संबंध में विधानसभा एवं मंडल स्तर पर समितियां बनाकर कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में जिले भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ई. रविशंकर प्रसाद सिंह एवं विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर बूथ स्तर से अधिकतम भाजपा कार्यकर्ताओं को इस सम्मेलन में शामिल करने का प्रयास किया जाए। बैठक में उपस्थित प्रमुख नेताओं में जिला महामंत्री रीना कुमारी, जिला लोकसभा संयोजक सुधीर कुमार, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद सिंह, श्याम किशोर प्रसाद सिंह, अरविंद पटेल, जिला मंत्री साबो देवी, रवि राज, रंजू कुमारी, डॉ. अशुतोष कुमार, जिला प्रवक्ता धीरेंद्र रंजन, अनुग्रह नारायण, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रज्ञा भारती, निवर्तमान नगर अध्यक्ष अमरेश कुमार, सोशल मीडिया संयोजक शितेश गुंजन, मदन प्रसाद सिंह, अजय कुमार सिंह, धीरज पाठक, मनोज कुमार चौधरी, सूरज कुमार चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार, मुकेश कुमार, शशिकला सिन्हा, सौदागर पासवान, अभिषेक भारती, रेणु देवी, नीलम देवी, रौशन राज यादव, विमला देवी, पिंकी देवी, अभय नंदन, धर्मेंद्र कुमार धुरी, वरुण पांडेय, नीतीश कुमार एवं अविनाश कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। बैठक में पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं को इस सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए संगठित प्रयास और सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

# जन सुराज की नालंदा जिला

## कार्यवाहक समिति घोषित



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। जन सुराज की नालंदा जिला कार्यवाहक समिति की घोषणा एक भव्य समारोह में की गई, जिसमें विभिन्न पदाधिकारियों के नाम और जिम्मेदारियां तय की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रदेव सिंह कुशवाहा ने की, जबकि संचालन कृष्णदेव सिंह यादव ने किया। जिला अध्यक्षरू वीरमनी यादव उर्फ बीरन यादव,महासचिवः दुर्गा प्रसाद,युवा अध्यक्षरू रवि रंजन ,मुख्य प्रवक्तारू चंद्र उदय राय,महिला अध्यक्षरू पूनम सिन्हा तथा किसान अध्यक्षरू अरुण कुमार चंचूल बनाए गए हैं। अनुमंडल स्तर पर भी पदाधिकारियों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में 109 नामित पदाधिकारी एवं 170 अन्य सदस्य उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष वीरमनी यादव ने कहा कि जन सुराज बिहार में समावेशी विकास की दिशा में कार्य करेगा। महिला अध्यक्ष पूनम सिन्हा ने महिलाओं और बच्चों के अधिकारों को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में संगठन को मजबूत करने और शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण व ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई।

BEENFELD®
FIRE SAFETY AND SERVICES
All Types of Fire Extinguisher, Hydrant, Hoses, Refills, Complete Fire Protection & Safety Items
2nd Floor
Add: Bahadurpur Housing Colony, Bhoothnath Road, Patna 800026
+91 9241 666317 | +91 93414 92504 www.beenfeldfireservice.in

# लंबित पेंशन मामलों पर उपाध्यक्ष ने उठाई आवाज, 17 फरवरी तक निपटारा नहीं होने पर धरने की चेतावनी

अपना नालंदा संवाददाता

चंडी (नालंदा)। चंडी नगर पंचायत में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का निपटारा महीनों से लंबित है, जिससे लाभार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वृद्धजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना और निरूशक्तता पेंशन योजना के आवेदन बैंक सत्यापन और जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर के बावजूद सरकारी कर्मियों की अनुशंसा के अभाव में अटके हुए हैं। नगर पंचायत के उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार सुमन ने इस मुद्दे पर जिलाधिकारी को आवेदन सौंपते हुए नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से कई बार चर्चा के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला है। पेंशन की मंजूरी में अनावश्यक देरी के कारण आमजन महीनों से परेशान हैं और जनप्रतिनिधियों को भी जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है।



उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार सुमन ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि 17 फरवरी तक सभी लंबित पेंशन योजनाओं का निपटारा नहीं किया गया तो 18 फरवरी से प्रखंड कार्यालय के समक्ष आमजन के साथ धरना दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर लाभार्थियों को उनका हक दिलाने की मांग की है।

# आपसी रंजिश में फायरिंग मामले में पुलिस ने आरोपी को हथियार समेत दबोचा

अपना नालंदा संवाददाता

करायपरसुराय। थाना क्षेत्र के किशितपुर गांव में पूर्व से चली आ रही आपसी रंजिश के कारण शनिवार की रात दिनेश प्रसाद के घर पर गोलीबारी की घटना हुई। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पीड़ित परिवार की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी अमरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया और उसके घर से एक देसी कट्टा, 27 जिंदा कारतूस तथा चार खोखे बरामद किए। मिली जानकारी के अनुसार, किशितपुर गांव निवासी स्वर्गीय पदारथ गोप के पुत्र अमरेश कुमार का गांव के ही दिनेश प्रसाद से पूर्व से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में अमरेश कुमार ने शनिवार की रात दिनेश प्रसाद के घर पर पहुंचकर गोलीबारी की। इस घटना के बाद दिनेश प्रसाद ने तत्काल करायपरसुराय थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को दबोचा घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर एक विशेष टीम का गठन किया। इसके बाद अमरेश कुमार के घर पर छापेमारी की गई, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक देसी कट्टा, 27 जिंदा कारतूस और चार खोखे भी बरामद किए।थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।




# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल ने बनाई अलग पहचान




अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के बबुरबन्ना स्थित शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल का तृतीय वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ (ठे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत मानस एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. शिव कुमार प्रसाद सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के निदेशक पंकज कुमार ने सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. सचिन कुमार ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल ने अल्प समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के विद्यार्थी अनुशासनप्रिय हैं और यह संस्थान छात्रों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विद्यालय के निदेशक पंकज कुमार एवं प्राचार्य चंदन चौधरी ने विद्यालय की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक एवं नैतिक शिक्षा प्रदान करना है, जिससे वे समाज और देश के लिए आदर्श नागरिक बन सकें। विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने नृत्य, संगीत, नाटक एवं कविता पाठ के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों को उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमूह को धन्यवाद दिया गया। विद्यालय प्रशासन ने विश्वास दिलाया कि आगे भी शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।






# इवांश सिन्हा का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ (BSS) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत मानस तथा संरक्षिका रेखा भारती के सुपौत्र इवांश सिन्हा का जन्मोत्सव उनके पैतृक गांव जयशिव बिगहा में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरा परिवार एवं सगे–संबंधी धार्मिक हर्षोल्लास के साथ इस विशेष दिन का साक्षी बने। जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर इवांश सिन्हा के पिता सिन्हा साहब और माता ईभा सुहानी ने विधिपूर्वक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। इसके उपरांत परिवार के सदस्यों एवं अतिथियों ने नन्हे इवांश को शुभाशीष प्रदान किया और उसकी दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. शिव कुमार प्रसाद सिन्हा सहित कई निजी विद्यालयों के संचालक एवं उनके परिवारजन कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने इवांश को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उसके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। भारत मानस ने इस शुभ अवसर पर कहा कि उनके पुत्र सिन्हा साहब के जन्मदिन पर डेढ़ बीघा भूमि में जो पौधा लगाया गया था, वह अब एक विशाल वृक्ष बन चुका है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने अपने सुपौत्र इवांश सिन्हा के जन्मदिन पर भी पौधारोपण किया। उन्होंने समाज को संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने या अपने प्रियजनों के जन्मदिन पर अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इवांश सिन्हा के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए केक काटा और बच्चों के लिए विशेष मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों एवं परिवार के सदस्यों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया, जिससे माहौल उल्लासमय हो गया। कार्यक्रम के अंत में भारत मानस एवं उनके परिवार ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के इस संकल्प में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# नवोदय एजुकेशन सेंटर में आठवीं वर्षगांठ एवं विदाई समारोह धूमधाम से संपन्न



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। नवोदय एजुकेशन सेंटर, निसार अली कंपाउंड, मिरदाद में विद्यालय की आठवीं वर्षगांठ एवं दशम वर्ग के छात्रों के विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण को भव्य रूप से सजाया गया था, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद साबरीन खातून एवं विद्यालय के अध्यक्ष रिटायर्ड पुलिस निरीक्षक मोहम्मद शकील अहमद द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय सचिव कौसर महजबी, प्राचार्य एस.एम. होदा एवं संयोजक डॉ. एस. आलम सहित सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अतिथियों को सम्मान स्वरूप बुके भेंट किए गए। छात्र–छात्राओं द्वारा संगीत, नृत्य एवं नाट्य कला की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। नन्हे–मुन्ने बच्चों द्वारा फैशन शो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यार्थियों ने दहेज प्रथा एवं वृद्ध माता–पिता की उपेक्षा जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर प्रभावशाली नाटकों का मंचन किया, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विद्यालय की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता छात्रों को मेडल एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। दशम कक्षा के विद्यार्थियों को जूनियर छात्रों ने उपहार भेंट कर विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने आश्वासन दिया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समग्र विकास की दिशा में संस्थान सदैव प्रयासरत रहेगा।


# शोषण के जाल में फंसा जनमानस

सरकार बनी शिकारी है,
जन-जन इसका शिकार हुआ।
अफसर-कर्मचारी हाथ-पाँव,
कारपेट भी भागीदार हुआ।

फैलाए जाल अनेक यहाँ,
हम सबको उसमें फंसा लिया।
हमारी कमाई लूट रहा,
बातों से बस बहला लिया।

चूहों के जैसे हम सभी,
मीठे जल में बहक रहे।
लोभ के जाल में बंधकर,
अपने होश भी खो रहे।
शोषण हो रहा मेहनत का,
शोषण है खेत-खलिहानों का।
शोषण हमारी संस्कृति का,
शोषण है स्वावलंबन का।

अब समय आ गया है,
इस जाल को पहचानें हम।
अपने श्रम और अधिकार को,
फिर से खुद अपनाएँ हम!



रामदेव प्रसाद







